फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोवर्द्धन लाल पालीवाल, मकान नं0 37, सेक्टर -- 11, राम निवास होटल के पिछे, उदयपुर
— अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द

— प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 02/2021**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 16.02.2021 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः आर.टी.आई./2021/99 दिनांक 05.02.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार श्री प्रार्थी श्री गोवर्द्धन लाल पालीवाल नि0 उदयपुर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र पेश कर सूचना चाही गई। जिसे प्रार्थी को जरिये पत्रांकः आर.टी.आई./2021/91–92 दिनांक 01.02.2021 को रजिस्टर्ड डाक द्वारा उपलब्ध करवा दी गई हैं। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द के द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना जरिये पत्र क्रमांकः आर.टी.आई./2021/91–92 दिनांक 01.02.2021 से रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर)राजसमन्द	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)